मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ।

1-तिलक मार्ग, लखनऊ ।

परिपत्र संख्याः डीजी-**02**/2016 दिनांकः जनवरी **10** , 2016

सेवा में,

समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक/रेलवे, उत्तर प्रदेश ।
समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक/रेलवे, उत्तर प्रदेश ।

यह देखने में आया है कि अधीनस्थ पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं का समयबद्ध एवं समुचित निराकरण नहीं हो रहा है, इस कारण वे वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटते फिरते हैं। किन्ही कारणों से सम्बंधित अधिकारियों से मिल न पाने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है ।

2. अतः निर्देशित किया जाता है कि समस्त पुलिस महानिरीक्षक जोन्स/रेलवे एवं समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को 1300 बजे से 1400 बजे तक कार्यालय में अधीनस्थ कार्मिकों की समस्याओं को सुनकर उनका नियमानुसार निराकरण करायेंगे। इस व्यवस्था से सभी अधीनस्थ कर्मचारी भिज्ञ हो सकें, इसके लिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय ।

3. पूर्व से भी ऐसे निर्देश हैं कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह मासिक सैनिक सम्मेलन आयोजित कर अधीनस्थ कर्मियों की समस्याओं को सुना जाय एवं उनका यथासम्भव निराकरण कराया जाय। इसके अतिरिक्त अधीनस्थ कर्मियों को अनुमन्य सुविधाओं एवं उनके देयकों के भुगतान आदि की कार्यवाही समय से कराने हेतु परिपत्र संख्या-33/2011 दिनांकित 25.10.11 भी निर्गत किया गया है। इन आदेशों का अनुपालन न किए जाने से अधीनस्थ कर्मियों को कठिनाई होती है। निर्देशित किया जाता है कि समस्त जनपद/इकाई प्रभारी नियमित रूप से मासिक सैनिक सम्मेलन आयोजित कराकर उसमें कार्मिकों की समस्याओं का यथासम्भव निराकरण कराया जाय। जिन समस्याओं का निराकरण उनके स्तर से सम्भव न हो उसे सक्षम अधिकारी को नियमानुसार अग्रसारित किया जाय ।

उपरोक्त निर्देशों का पालन कड़ाई से किया जाय ।

(जावीद अहमद)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश ।

प्रतिलिपि समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ0प्र0 को उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित ।